Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Women's College in Deoria district, Uttar Pradesh-laid.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र सलेमपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख शहर है जो बिहार से सटा हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है । महोदय, मेरे क्षेत्र की छात्राओं को महिला महाविद्यालय न होने के कारण गोरखपुर, वाराणसी तथा दिल्ली पढ़ने जाना पड़ता है जिसके कारण परिवार वालों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है । अगर मेरे संसदीय क्षेत्र बगहा बाजार में केन्द्रीय सहायता से महिला महाविदयालय की स्थापना हो जाती है तो यहां की छात्राओं के साथ साथ पड़ोसी राज्य बिहार की छात्राओं को भी घर के पास उच्च शिक्षा प्राप्त हो जायेगी तथा हमारे प्रधानमंत्री जी का सपना "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" का भी सपना साकार हो जायेगा ।

अत: मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे क्षेत्र बगहा बाजार प्रखंड बगमरा तहसील भाटपार रानी जिला देवरिया में केन्द्रीय सहायता से एक महिला महाविद्यालय की स्थापना किया जाए ।